शाहपुरा में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सोमवार से

शाहपुरा। शाहपुरा नगर परिषद के मुख्य मार्गों में कई महीनों से अस्थाई अतिक्रमण एवं यातायात अव्यवस्था के चलते आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण शहरवासियों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है जिसके निदान को लेकर सभापति रवीश खटाणा ने नगरपरिषद शाहपुरा में आयुक्त तनुजा सोलंकी की उपस्थिति में शहर के व्यापार संगठनों की मीटिंग ली। इस दौरान सभापति रवीश खटाणा ने शहर को अतिक्रमण एवं जाम से मुक्ति हेतु उपस्थित सभी व्यापार संगठनों के साथ चर्चा परिचर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसमें सभी दुकानदारों एवं थड़ी ठेली वालों को सड़क पर बनी सफेद पट्टी के अंदर सामान रखने एवं पार्किंग प्वाइंट पर वाहन खड़ा करने तथा अपने प्रतिष्ठान में नियमानुसार कचरा पात्र रखने की बात कही। सभापति रविश खटाणा ने समस्त शहरवासियों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने एवं जाम से मुक्ति हेतु नगर परिषद का सहयोग करने की अपील की।

मेले हमारी संस्कृति, परम्पराओं को सहेजने व रोजगार के माध्यम: बेढ़म

भरतपुर। जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले का शुभारंभ गुरुवार को विधि-विधान से ध्वजारोहण के साथ हुआ। गृह राज्य एवं पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और जिला कलक्टर कमर चौधरी ने पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया और फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मेयर अनुराधा सिंह सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले का शुभारंभ किया।

गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। इनके माध्यम से आमजन को जरूरत का सामान भी मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मेलों के वैभव को बनाए रखने और उनके संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रियासतकाल में उन्नत पशुपालन को बढावा देने के लिए यह मेला स्थानीय किसानों एवं पशुपालकों का केन्द्र था, व्यापारीवर्ग को भी इस मेले से आय होती थी। वहीं आमजन को रोजमर्रा की जरूरतों का सामान एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाता था।

उन्होंने बताया कि महाराजा किशन सिंह ने वर्ष 1920 में अपने दादा महाराजा जसवंत सिंह की स्मृति में इस मेले की शुरुआत की थी। पूर्वी राजस्थान की पहचान बन चुका यह मेला इस वर्ष 107वीं बार आयोजित हो रहा है।

- अब तक 1 करोड़ 17 लाख 98 हजार रुपये से अधिक की आय, देशभर से आए व्यापारी और पशुपालक

राजस्थान और उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों सहित देशभर से पशुपालक, व्यापारी और आमजन यहां पहुंचते हैं। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खेल प्रतियोगिताओं का ऐतिहासिक स्वरूप बनाए रखने तथा व्यापारियों के संरक्षण, आमजन की सुरक्षा और मनोरंजन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि मेले में सुविधाओं के विस्तार और व्यापारियों के संरक्षण के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। मेला मैदान और नुमाइश स्थल के स्वरूप को निखारने के साथ जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण कार्य प्रगति पर है। डॉ. चौधरी ने बताया कि गत वर्ष मेले से 92 लाख रुपये की आय हुई थी, जबकि इस वर्ष अब तक 1 करोड़ 17 लाख 98 हजार रुपये से अधिक की आय प्राप्त हो चुकी है।

अतिरिक्त निदेशक पशुपालन खुशीराम मीना ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुल सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर शहर राहुल सैनी, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, गिरधारी तिवारी, सत्येंद्र गोयल, रूपेंद्र सिंह, जगत सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बस्सी में पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की संगठनात्मक बैठक

बस्सी। पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने बस्सी पंचायत समिति क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को आगरा रोड स्थित बलराम आश्रम, बस्सी चक में भाजपा की संगणनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में पंचायत समिति बस्सी की चुनाव प्रभारी रत्ना कुमारी की उपस्थिति में चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय और बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

- बस्सी पंचायत समिति की चुनाव प्रभारी रत्ना कुमारी के नेतृत्व में संगठनात्मक समन्वय और कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर चर्चा

बैठक में भाजपा प्रत्यासी चंद्रमोहन मीणा की अध्यक्षता में पंचायत चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बस्सी सहप्रभारी आलोक पारीक सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। रत्ना कुमारी ने संगठन के विभिन्न स्तरों पर आपसी तालमेल बनाए रखने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी तैयारियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रमुखों, मंडल पदाधिकारियों, निवर्तमान पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों, वार्ड प्रभारियों और संयोजकों की भूमिका पर चर्चा की गई। साथ ही जिला परिषद प्रत्याशियों, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों और पंचायत समिति सदस्य पद के लिए आवेदन करने वाले कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आव्हान किया गया।

पावटा में तीसरे दिन 73 नामांकन दाखिल

पावटा। जिले में पंचायती राज आम चुनाव 2026 को लेकर लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव शुरू हो चुका है। चुनावी रणभेरी बजते ही पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए दावेदारों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। नामांकन के पहले दिन एक भी नामांकन नहीं हुआ, दूसरे दिन उपखंड कार्यालय पावटा परिसर में प्रत्याशियों और समर्थकों का भारी तांता लगा रहा। हर कोई अपने चहेते उम्मीदवार को जिताने के संकल्प के साथ ढ़ोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के बीच पर्चा दाखिल करने पहुँचा। चुनावी समर के दूसरे दिन ही मुकाबला बेहद दिलचस्प हो गया है। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से 18 अभ्यर्थियों ने कुल 21 नामांकन व तीसरे दिन 59 अभ्यर्थियों ने 73 नामांकन पत्र दाखिल किए। वही आज नामांकन के अंतिम दिन है। जिससे साफ है कि इस बार मुकाबला बेहद कड़ा है। पावटा पंचायत समिति के 19 वार्डो की सीटों पर घमासान जारी है।

कोटपूतली में मतदाता जागरूकता रैली निकाली

कोटपूतली। राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वाधान में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य आमजन और युवा विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतंत्र में हर एक वोट के महत्व को समझाना था। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक मजबूत और जीवंत लोकतंत्र की नींव जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाताओं पर टिकी होती है।

राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया।

प्राचार्य ने युवाओं से आव्हान किया कि वे ना केवल स्वयं अनिवार्य रूप से मतदान करें, बल्कि अपने परिवार, आस-पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी बिना किसी डर या प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

रैली के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए विद्यार्थियों ने गगनभेदी नारों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का संदेश दिया। रैली कॉलेज परिसर से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों में गई, जहाँ लोगों को लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ की याद दिलाई गई। इस दौरान डॉ. पी. सी. जाट, डॉ. हंसराज सोनी, डॉ. हुकम चंद गुर्जर, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी प्रो. घनश्याम, डॉ. कोमल व डॉ. अमित कुमार सहित महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

'आपसी मतभेद छोड़कर शहर के विकास में सहयोग करें'

निवाई। नगर पालिका के सभागार में नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा की अध्यक्षता व विधायक रामसहाय वर्मा की मौजूदगी में नगर पालिका बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। जिसमें शहर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक से पूर्व अधिशाषी अधिकारी नवरत्न शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन ने पालिका के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र

नगर पालिका में आयोजित बोर्ड की बैठक में संबोधित करते हुए विधायक रामसहाय वर्मा।

- पालिका बोर्ड की प्रथम बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

शर्मा सहित सभी वार्डों के नवनिर्वाचित पार्षदों को माला एवं साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

बैठक में कांग्रेस पार्षद रेखा जैन व तनीषा सैनी ने पालिका अध्यक्ष के पदभार समारोह में कांग्रेस के पार्षदों को आमन्त्रित नहीं करने पर नाराजगी जताते हुए स्वागत करवाने से इन्कार कर दिया। जिस पर पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ने कहा कि मुहूर्त को लेकर समय के अभाव में कार्यक्रम को आनन फानन में करना पड़ा था। जिसके बाद सम्मान प्रक्रिया शुरू हुई। कांग्रेस पार्षद तनीषा सैनी ने दशहरे मेले के आयोजन को लेकर टेंडर प्रक्रिया के खर्चे का ब्यौरा मांगा। जिस पर पालिकाध्यक्ष शर्मा ने टेंडर प्रक्रिया व खर्चे की जानकारी दी। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नवरत्न शर्मा ने सदन को बताया कि दशहरा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए पिछले टेंडर से दस प्रतिशत बढ़ाकर नियमानुसार पारदर्शिता के साथ खर्च किया जा रहा है।

नेता प्रतिपक्ष अल्लाह रखा ने कहा शहर में सफाई व्यवस्था खराब है, वार्डों में पेयजल समस्या बनी हुई। शिवाजी कॉलोनी में पेयजल संकट बना हुआ है। उन्होंने ईदगाह के लिए जगह आवंटित करने की मांग की। पार्षद दयाराम चौधरी ने भूखंड लॉटरी से डीएलसी दरों पर आंवटित करने की मांग की।

पार्षद अजय पारीक ने बताया कि पुरानी निवाई में मूलभूत सुविधाओं के अभाव से लोग पलायन कर रहे हैं। जिसके लिए नगर पालिका द्वारा पार्किंग व्यवस्था की जाए, नियमित साफ-सफाई हो एवं सुगम रास्ते बनवाए जाएं, पुरानी निवाई में पुराने खण्डर पड़े मकानों को पालिका द्वारा खरीदकर या अधिग्रहण करके उनके स्थान पर पार्किंग का निर्माण करवाया जाए। जिससे लोगों का पलायन रूक सके।

पेयजल समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

मनोहरपुर। नगर पालिका मनोहरपुर के वार्ड नंबर 27 की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पार्षद सुमन देवी ने अधिशासी अधिकारी शुभम गुप्ता पालिका अध्यक्ष अर्जुन मोहनपुरिया व जलदाय विभाग कनिष्ठ अभियंता जयराम को लिखित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ज्ञापन में वार्डवासियों को राहत देने के लिए पेयजल, सड़क, नाली, सफाई और रोशनी सहित 10 प्रमुख समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

पार्षद ने ज्ञापन में पेयजल समस्या दूर करने, वार्ड की क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने, नालियों का सही निर्माण करवाने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। इसके साथ ही अंबेडकर पार्क में स्ट्रीट लाइट और सौर ऊर्जा लाइट लगवाने, बंद पड़ी लाइटें चालू करवाने तथा पार्क की सफाई और सौंदर्यीकरण करवाने पर जोर दिया। ज्ञापन में वार्ड में रोजाना कचरा उठाने, बंद पड़ी नालियों की सफाई करवाने, जरूरत के अनुसार नई नालियों का निर्माण कराने तथा खाद्य सुरक्षा योजना के तहत पात्र लोगों के राशन कार्ड संबंधी लंबित कार्यों का समाधान करवाने की मांग भी शामिल है। पार्षद सुमन देवी ने अधिशासी अधिकारी से वार्ड की सभी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाकर आमजन को राहत देने का आग्रह किया।

शाहपुरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष तारा अग्रवाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद क्षेत्र में जनता बाल निकेतन में नालसा योजनाएं महिला लैंगिक यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 पर विधिक (एसएच अधिनियम विशाखा दिशा-निर्देश आधार पर लागू किया गया है।) जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रिंसिपल सुनील कुमार शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर जुनियर लीगल लिटरेसी क्लब की अध्यक्ष अंजू शर्मा भी उपस्थित रही।

अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह अधिनियम जहां पर 10 या इससे अधिक महिलाओं की संख्या पर कार्य स्थल पर गरिमा- मय, सुरक्षात्मक वातावरण में जीवन-यापन का अधिकार देता है। सरकारी सर्विसेज या प्राईवेट सर्विसेज दोनों क्षैत्रो में लागू होता है और महिला सशक्तिकरण की एक पहल है। सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों मैं महिला लैंगिक उत्पीड़न समिति का गठन अनिवार्य है,

- 'महिलाओं की शिकायतों का निवारण अधिकतम समय 90 दिन में पूर्ण करना आवश्यक'

अगर महिलाओं की शिकायतों का निवारण अधिकतम समय 90 दिन में पूर्ण करना आवश्यक है। शिकायत की सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं महिला गरिमा हेल्पलाइन नंबर 1090 पर सूचित करे। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने स्थाई लोक अदालत, एवं मध्यस्थता अधिनियम 2023, अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने एमएसीटी मोटर वाहन दुर्घटना पर मृत्यु दावों की प्रतिवर्ष औसतन 4,71,000, अपंगता /मृत्यु के दावों का विवाद अदालत में आते है। इस संदर्भ में पीड़ित पक्षकारों को बीमा कम्पनियों को बीमा पॉलिसी का कोर्ट के आदेश पर पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत मृतक के परिवारों को भुगतान करना पड़ रहा है। इस अवसर पर पर संस्थान के अध्यापक गण में सचिव अनिल शर्मा, दिनेश शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, जगदीश प्रसाद जाट, मोहनलाल बुनकर, सहित 565 लाभार्थियों ने भाग लिया।

अलवर कलैक्टर ने चिकित्सालय का निरीक्षण किया

कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अलवर। जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने चिकित्सालय परिसर में निर्माणाधीन 100 बैडेड भवन को गुणवत्ता के साथ नवंबर माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने 40 करोड रूपये की लागत से निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट को आगामी 3 माह में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि क्रिटिकल केयर का कार्य पूर्ण होने पर ट्रोमा, इमरजेंसी में आने वाले मरीजों की सुविधाओं में इजाफा होगा।

- क्रिटिकल केयर यूनिट एवं 100 बेड भवन को गुणवत्ता के साथ निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण कराने के निर्देश

साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सके, इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रगतिरत कार्यों, रिनोवेशन व अपग्रेडेशन कार्यों को गति प्रदान कर गुणवत्ता युक्त तरीके से निर्धारित टाइमलाइन में पूर्ण करावें।

किशनगढ़ बास में अतिक्रमण पर नगर पालिका का चला पीला पंजा

किशनगढ़ बास। नगर पालिका के नए मुखिया विश्वास यादव ने पदभार संभालने के बाद चंद दिनों में ही वह कर दिखाया जो वर्षों से शहरवासी देखना चाहते थे। उन्होंने शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत भी कहीं और से नहीं बल्कि खुद के वार्ड से की और अवैध अतिक्रमणों पर पीला पंजा चलवा दिया। इस कार्रवाई से अध्यक्ष ने अतिक्रमणकारियों को सीधा, साफ और कड़ा संदेश दे दिया है कि अब नगर पालिका का पीला पंजा न तो किसी के दबाव में डरेगा और न ही रुकेगा।

किशनगढ़ बास में मौठूका चौक पर पक्के निर्माण ध्वस्त कर अतिक्रमण हटाती जेसीबी।

गुरुवार सुबह करीब 11 बजे से शुरू हुई कार्रवाई में मोठूका चौक से लेकर बस स्टैंड के सामने से मुख्य मार्ग पर दुकानों के आगे सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान दुकानों के आगे बने 10 से 15 फुट के पक्के चबूतरे जेसीबी से ढहा दिए गए। कई जगहों पर तो चबूतरों के साथ-साथ 5 से 10 फीट तक पक्की दुकानों को भी तोड़कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। सुबह से शुरू हुई यह कार्रवाई शाम 5 बजे अंधेरा होने तक लगातार जारी रही। पूरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष विश्वास यादव खुद जेसीबी के साथ मौजूद रहे, उनके साथ अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा और पूरी पालिका टीम मौके पर डटी रही। किसी भी तरह की अनहोनी से बचने के लिए कार्रवाई के दौरान तहसीलदार और पुलिस जाप्ता भी मौजूद रहा।

पूरे दिन चली इस कार्रवाई को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। नगर पालिका अध्यक्ष विश्वास यादव और ईओ पूजा शर्मा ने स्पष्ट कहा है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा और किसी भी सूरत में सड़क पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- नगर पालिका मुखिया ने खुद के वार्ड से कराई अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत

उल्लेखनीय रहे हैं कि शहर में दीपावली से पहले सफाई और व्यवस्था को लेकर नगर पालिका ने बुधवार को पूरे शहर में रिक्शे से मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी थी कि वे अपना सामान और अवैध निर्माण स्वयं हटा लें। इस चेतावनी के 24 घंटे भी पूरे नहीं हुए थे कि पालिका की टीम एक्शन में आ गई।

मौठूका चौक से मौठूका रोड पर चले पीले पंजे के गरजने की गूंज का असर सायं 6 बजे के बाद तोप सर्किल पर नगर पालिका टीम पहुंची तो तोप सर्किल से कोर्ट गेट तक लगे लकड़ी के खोखे-ठेले मालिकों में अफरा तफरी मच गई।

दौसा में जिला परिषद के 37 वार्डों के लिए 65 नामांकन दाखिल

दौसा। दौसा जिला परिषद के 37 वार्डों के लिए गुरुवार को नामांकन भरने की प्रक्रिया के तीसरे दिन 56 प्रत्याशियों ने 65 नामांकन दाखिल किये। इधर 37 वार्डो के लिए अब तक कुल 72 प्रत्याशी 84 नामांकन दाखिल कर चुके है। शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन होने के कारण भारी संख्या में प्रत्याशी एवं उनके समर्थको के पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इधर गुरुवार को भी पूरे दिन नामांकन भरने वाले एवं उनके समर्थको की गहमा गहमी रही।

उल्लेखनीय है कि दौसा नगर परिषद के 37 वार्डो के लिए गुरुवार को 56 प्रत्याशियों ने कुल 65 नामांकन दाखिल किये। आज नामांकन दाखिल करने का तीसरा दिन होने के कारण समर्थको एवं संभावित प्रत्याशियों की जमकर भीड रही। उधर 37 वार्डो के लिए अब तक कुल 72 प्रत्याशी 84 नामांकन दाखिल कर चुके है। इधर गुरुवार को नामांकन भरने के दौरान भाजपा एवं कांग्रेस द्वारा जिला परिषद के प्रत्याशियों की सूची जारी नही होने के कारण दोनो राजनैतिक पार्टियों के दावेदारो में असमंजस की स्थित बनी रही। सूत्रो ने बताया कि कांग्रेस एवं भाजपा के उच्च स्तरीय नेताओं द्वारा प्रत्याशी तय किये जाने का ईशारा मिलने पर गुरुवार को भारी संख्या में प्रत्याशी अपने समर्थको के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्याशियो को किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो इसके लिए हैल्थ डेस्क भी बनाई गई है, जिसमें पांच दर्जन से अधिक कार्मिको तैनात किया गया है।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री मुख्यालय प्रभारी श्रवण सिंह बगडी ने देर रात दौसा जिला परिषद के भाजपा प्रत्याशियो की अधिकृत सूची जारी की गई। सूची में वार्ड 1 विचाराधीन, वार्ड 2 से सीमा बैरवा, वार्ड 3 से गेंदीलाल मीणा, वार्ड 4 विचाराधारी, वार्ड 5 से सीमा मीणा, वार्ड 6 से भरतलाल मीणा, वार्ड 7 से तुलसा देवी, वार्ड 8 रिक्त, वार्ड 9 विचाराधीन, वार्ड 10 से ममता देवी मीणा, वार्ड 11 से ममता देवी बैरवा, वार्ड 12 से प्रकाशचंद शर्मा, वार्ड 13 से पताशी मीणा को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

सार-समाचार

एसडीएम व तहसीलदार ने तालाब व बीसलपुर नहरों का निरीक्षण किया

निवाई। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशों की अनुपालना में उपखण्ड अधिकारी गंभीर सिंह व तहसीलदार सृष्टि जैन ने प्रशासनिक टीम के साथ निवाई क्षेत्र के माथोलाव तालाब व बीसलपुर पेयजल एवं सिंचाई परियोजना से जुड़ी प्रमुख नहरों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नहरों की वर्तमान भौतिक स्थिति, तटबंधों की मजबूती एवं पानी के प्रवाह मार्ग का जायजा लिया। आगामी समय में किसानों की सिंचाई व जल वितरण को ध्यान में रखते हुए पानी छोड़े जाने से पूर्व संपूर्ण नहर तंत्र को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया गया। उपखण्ड अधिकारी गंभीर सिंह ने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देशित किया कि नहरों में जमी सिल्ट, कंटीली झाड़ियों एवं मलबे की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जल प्रवाह के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं हो और अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक पानी सुचारू रूप से पहुंच सके। इसके साथ ही उन्होंने नहरों के क्षितग्रस्त किनारों व जल द्वारों की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता से समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन की इस सक्रियता से क्षेत्र के किसानों में फसलों की सिंचाई को लेकर सकारात्मक उम्मीद जगी है, वहीं विभागीय तंत्र भी जल निकासी व आपूर्ति से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर चाक-चौबंद है। इस अवसर गिरदावर अजय यादव व चित्रांश माथूर सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

अमरसर महाकाली शक्ति पीठ पर आस्था का सैलाब उमड़ा

मनोहरपुर। समीपवर्ती अमरसर स्थित श्री महाकाली शक्ति पीठ पर नवरात्रि महोत्सव के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। शक्ति पीठ के श्री प्रेमगिरी महाराज के सानिध्य में और जयपुर (ढ़ेर के बालाजी) के विख्यात आचार्य पण्डित पुरुषोत्तम शास्त्री महाराज के आचार्यत्व में नवरात्रि के पावन उपलक्ष्य पर सहस्त्र चंडी महानुष्ठान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अनुष्ठान के पांचवें दिन मुख्य आचार्य पण्डित पुरुषोत्तम शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को नवदुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की विशेष पूजा-अर्चना करवाई और उनकी महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता की भक्ति से प्रसन्न होकर वे भक्तों को शीघ्र फल प्रदान करती हैं। इस अवसर पर पंडित हेमंत शर्मा (सांवलपुरा वाले) ने बताया कि सुबह से ही श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर माता के दर्शनों के लिए पहुंच रहे हैं। पंडित कमलेश शर्मा (लोहरवाडा) ने माता की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां आदिशक्ति ही इस संपूर्ण सृष्टि की संचालक हैं। जब चारों ओर गहरा अंधकार था, तब मां ने अपनी मंद मुस्कान से इस ब्रह्मांड की रचना की थी। पण्डित विनोद शर्मा ने जानकारी दी कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रि में दुर्गासप्तशती पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कुंड में विशेष आहुतियां दिलवाई जा रही हैं। अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाल वस्त्र धारण कर पूर्ण विधि-विधान और नियमों का पालन करते हुए भाग ले रहे हैं।

भाबरू संस्कृत विद्यालय का भवन निर्माण करवाने की मांग

पावटा। विधानसभा क्षेत्र विराटनगर के भाबरू स्थित जोगियों का बास राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्मीदोज होने के बाद अब नए भवन निर्माण की मांग उठी है। विधायक कुलदीप धनखड़ ने इस संबंध में संस्कृत शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को पत्र लिखकर समग्र शिक्षा के तहत नवीन भवन निर्माण के लिए आवश्यक बजट प्राथमिकता से स्वीकृत करवाने का आग्रह किया है। विधायक धनखड़ ने पत्र में बताया कि विद्यालय का पुराना भवन लंबे समय से अत्यंत जर्जर अवस्था में था, जो अब पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। ऐसे में भवन की स्थिति विद्यार्थियों के बैठने और अध्ययन के अनुकूल नहीं है। इससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है, वहीं उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने मंत्री से विद्यार्थियों के सुरक्षित शैक्षिणक भविष्य को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर समग्र शिक्षा के अंतर्गत नए भवन निर्माण के लिए बजट शीघ्र स्वीकृत करवाने का अनुरोध किया है। विधायक ने पत्र के साथ ध्वस्त भवन की तस्वीरें, कनिष्ठ अभियंता की ओर से तैयार नवीन भवन निर्माण का अनुमानित बजट, संस्था प्रधान द्वारा जारी प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज भी संलग्न किए हैं। अब विद्यालय के नवीन भवन निर्माण के लिए बजट स्वीकृति मिलने की उम्मीद है, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित शैक्षिणक वातावरण उपलब्ध हो सकेगा।

टोंक के स्वर्ण दुर्गा मंदिर में गरबा-डांडिया की धूम

टोंक। शहर के हाईवे स्थित स्वर्ण दुर्गा कैलाशपति मंदिर में गुरुवार को मां स्वर्ण दुर्गा का दरबार महिषा सुरमर्दिनी के स्वरूप में सजाया गया। इस दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में सजी कन्याओं और महिलाओं ने गरबा व डांडिया नृत्य कर माता की आराधना की। भक्ति गीतों की धुन पर महिलाओं ने उत्साह के साथ नृत्य किया और मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजन के दौरान बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, साथ ही कन्याओं का पूजन कर धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निवाई। यूरिया खाद के कट्टे को निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचने के मामले को लेकर किसानों ने उपखंड अधिकारी गंभीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। संजय बराला, एडवोकोट रामजीलाल जाट, सत्यनारायण, गिर्राज, गणेश मीना, कमल पलेई, नरेश कुमार, करण मीना, रवि मीना, अंकेश नला, अनुराज किवाड़ा, मेघराज गुर्जर, अजय बैरवा, विकास पलेई, महेंद्र कुमावत व दीपू निमोडिया सहित कई किसानों ने बताया कि यूरिया खाद के कट्टे को निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेच रहे है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।